**Amount spent on advertisements**

1422. SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state the amount of the advertisements given by the D.A.V.P. to big, medium and small newspapers separately during 1990-91?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): The amount of the advertisements given by D.A.V.P. to big, medium and small newspapers during 1990-91 was Rs. 8,37,53,081.90 Rs. 3,64,39,508.67 and Rs. 2,91,48,674.04 respectively.

**"कश्मीर रेडियो ने बदला स्वर" नामक समाचार**

1423. **श्री प्रमोद महाजन:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा क गे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 3 नवम्बर, 1991 के नवभारत टाइम्स (मुम्बई संस्करण) में "कश्मीर रेडियो ने बदला स्वर" शीर्षक से छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास):** (क) नवभारत टाइम्स के 3 नवम्बर, 1991 के बम्बई संस्करण में ऐसा कोई समाचार प्रकाशित नहीं हुआ ।

(ख) यह सवाल पैदा ही नहीं होता ।

**उत्तर प्रदेश में आकाशवाणी और दूरदर्शन की सातवीं योजना स्कीम**

1424. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश राज्य में सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आकाशवाणी और दूरदर्शन संबंधी योजनाओं का उनसे संबंधित वित्तीय परिव्ययों तथा उनकी वर्तमान अवस्था सहित ब्यौरा क्या है ; और

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रेषित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या-क्या है और वे किन-किन कार्यों के संबंध में हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास):** (क) उत्तर प्रदेश में आकाशवाणी और दूरदर्शन की सातवीं योजना स्कीमों का ब्यौरा और उनका वित्तीय परिव्यय और वर्तमान स्थिति विवरण I तथा II में दी गई है

(ख) यद्यपि, राज्य सरकारों से उनके संबंधित राज्यों में रेडियो/टीवी कवरेज के विस्तार के लिए समय-समय पर अनुरोध प्राप्त होते रहते हैं तथापि, आकाशवाणी/दूरदर्शन की पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने हेतु राज्य सरकारों से कोई विस्तृत प्रस्ताव नहीं मांगे जाते ।